# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013–14

## विषय – समाज शास्त्र (Sociology)
## कक्षा – बारहवीं
## सेट–ए

**समय– 3 घंटे** **पूर्णांक– 100**

**Time- 3 Hours** **Maximum Mark – 100**

**निर्देश–**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए।
iii. प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक वाक्य में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 1x5= 5x5 = 25 अंक
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक में आन्तरिक विकल्प दिये गये है।
v. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है।
vi. प्रश्न क्रमांक 11 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
vii. प्रश्न क्रमांक 18 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।
viii. प्रश्न क्रमांक 23 तथा 24 में प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

**Instructions –**

i. All question are compulsory.
ii. Please read the instructions carefully before writing the answer.
iii. Q. No. 1 to 5 are objective type which contain fill up the Blank, True/False, match the colomn, one sentence answer and choose the correct answers. Each question is allotted 5 marks. 1x1 = 5x5 =25 Marks.
iv. Internal options are given in Q. No. 6 to 24.
v. Q. No. 6 to 10 carry 2 marks each and answer should be given in about 30 words.
vi. Q. No. 11 to 17 carry 4 marks each and answer should be given in about 75 words.
vii. Q. No. 18 to 22 carry 5 marks each and answer should be given in about 120 words.
viii. Q. No. 23 and 24 carry 6 marks each and answer should be given in about 150 words.

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. भारत के पूरब में हिन्दूओं का.............तीर्थ स्थान स्थित है।
2. भारत में सबसे धनी अबादी वाला क्षेत्र ..............का मैदान है।
3. भारत में पहली राष्ट्रीय जनसंख्या नीति सन...........में घोषित की गई।
4. भारत में मार्च 2007 तक...........पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो चुकी है।
5. मध्यकाल में होने वाले समाज सुधार को...............आंदोलन कहा जाता है।

Fill in the blanks.

(i) The Hindu pligrimages............is situated in the east at India.

(ii) The most densety populated area is...........plain.

(iii) The first National population plane is declared in the year........

(iv) The................five years plance complete in March 2007 in India.

(v) The social reform in middle Era is called ............movement.

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(अ) निम्नांकित में से भारत के किस राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक है –

(i) मध्यप्रदेश (ii) छत्तीसगढ़

(iii) नागालैण्ड (iv) बिहार

(ब) भारत सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्गो के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने की नीति को किस वर्ष से लागू किया गया?

(i) सन 1991 (ii) सन 1992

(iii) सन 1993 (iv) सन 1994

(स) अल्प संख्यक वर्गों में निम्नांकित में से किसे भारत में सबसे पहले राष्ट्रपति का पद प्राप्त हुआ।

(i) डॉ. जाकिर हुसैन (ii) ज्ञानी जैल सिंह

(iii) फखरूद्दीन अली अहमद (iv) डॉ. ए.पी.जी. अब्दुल कलाम

(द) भारत में जाति तथा वर्ग पुस्तक के लेखक का नाम है –

(i) जी.एस. धुरये (ii) के.एम. कापड़िया

(iii) डॉ. भगवान दास (iv) डी.पी. मुकर्जी

(इ) निम्नांकित में से सोशल एण्ड कल्चरल मोबिलिटी पुस्तक के लेखक का नाम है –

(i) ए.एम. शाह (ii) सांरोकिन

(iii) टी.एन. मदन (iv) आन्द्रे बितेई।

Select and write the correct answer.

(a) In which of the following state in India the population persent of tribes more -

(i) Madhya Pradesh (ii) Chattisgharh

(iii) Nagaland (iv) Bihar

(b) From which year the 27% reservation applied for other Backward class in India -

(i) Year 1991 (ii) Year 1992

(iii) Year 1993 (iv) Year 1994

(c) Which of the following minority class in India found the past (disgnation) of president first -

(i) Dr. Zaki Hussain (ii) Gyani Jail Singh

(iii) Fakharuddin Ali Ahamed (iv) Dr. A.P.J. Abdul Kalam

(d) The name at the Auhar at the book "caste and class in India".

(i) G.S. Ghurye (ii) K.M. Kapadiya

(iii) Dr. Bhagwan Das (iv) D.P. Mukarjee

(e) In the following the Nameati Authar of the book cultural mobility -

(i) A.M. Shah (ii) Sorokin

(iii) T.N. Madan (iv) Andre Bitei

प्रश्न 3. निम्नलिखित का सत्य या असत्य बताइये।

1. भारतीय समाज मं आधुनिकीकरण की प्रक्रिया केवल नगरों तक सीमित है।
2. नगरीयता जीवन की एक विशेष विधि है।

3. पश्चिमीकरण एक तटस्थ प्रक्रिया है।

4. संस्कृतिकरण का संबंध भारतीय समाज की सामाजिक संरचना के परिवर्तनों को स्पष्ट करने से है।

5. नव मध्यम वर्ग का उदय औद्योगीकरण तथा आधुनिकीकरण का परिणाम है।

Answer the following in true or false.

(i) The process of modernization is limited only Urban areas in Indian Society.

(ii) Urbanism is a special method of life.

(iii) Westernization is a stable process.

(iv) The relation of Sanskritization is to explain the changes of social structure.

(v) Rise of new middle class is the result of Indus trialization and Modernization.

प्रश्न 4. प्रत्येक का एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. गांवों में जिन लोगों ने भूमि के बड़े हिस्से पर नयी प्रौद्योगिकी के द्वारा खेती करना आरंभ की उन्हें कृषकों के किस वर्ग के नाम से सम्बोधित किया जाता है?

2. भारत में किस प्रधानमंत्री ने यहां उदारीकरण की प्रक्रिया को आरंभ किया?

3. ब्रिटिश शासन के दौरान जमींदारी व्यवस्था का आरंभ किसके द्वारा किया गया?

4. आज सरकार द्वारा समाज के किस वर्ग को शिक्षा की सबसे अधिक सुविधाएं दी जा रही है?

5. किसी समाज में जब लोगों के विचारों, सांस्कृतिक मूल्यों, विश्वासों और प्रौद्योगिकी में परिवर्तन होता है तब ऐसे परिवर्तन को हम किस नाम से सम्बोधित करते है?

Write the Answer in one sentence each.

1. The people who started farming on the large part of land through new technology by which name these changes are known?
2. Which priminister started the process of liberalization in India?
3. Who started the JAMIDARI system during British Government.
4. Which class of society is getting more facilities of Education by the government at present.
5. When there is a change in thoughts of people cultural values beliefs technology in any society then by which name these changes are known?

प्रश्न 5. स्तंभ 'अ' के लिए स्तंभ 'ब' से चुनकर सही जोड़ी बनाइये –

| | अ | – | ब |
|---|---|---|---|
| (अ) | इरावती कर्वे | – | सामाजिक श्रम विभाजन |
| (ब) | मुस्लिम विवाह | – | अधिमान्य विवाह |
| (स) | अनुलोम | – | सामाजिक समझौता |
| (द) | संयुक्त परिवार | – | भारत में नातेदारी व्यवस्था |
| (इ) | जनजातीय विवाह | – | पत्नी की तुलना में पति की उच्च सामाजिक परिस्थिति |

Make the correct pair for column 'A' choosing from column 'B'

| | A | - | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Iravati Karve | - | Social labour division |
| (b) | Muslim Marriage | - | Preferred Marriage |
| (c) | Morgantically | - | Social Compromise |
| (d) | Joint Family | - | Kinship system in India |
| (e) | Tribal Marriage | - | Husband's High Social Status to comparison with wife. |

प्रश्न 6. भौगोलिक दशाओं के आधार पर भारत के चार मुख्य भागों के नाम लिखिए।

Write main four parts of India on the bases of Geografical Conditions.

अथवा
Or

आर्य समाज की स्थापना किसने की?

Who Established the "ARYA SAMAJ".

प्रश्न 7. जाति की कोई एक परिभाषा लिखिए।

Write any one defination of caste.

अथवा
Or

जनजाति की कोई एक परिभाषा लिखिए।

Write any one defination of Tribes.

प्रश्न 8. उपागम का अर्थ लिखिए।

Write the meaning of approach.

अथवा
Or

भारतीय समाज के अध्ययन के लिए किन चार उपागमों को महत्वपूर्ण माना जाता है?

Which are the four important approaches to the study of Indian Society.

प्रश्न 9. शिक्षा का क्या अर्थ है?

What is the meaning of Education.

अथवा
Or

जन संचार के अर्थ को स्पष्ट कीजिए।

Explain the meaning of Mass media.

प्रश्न 10. भारत में रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की?

Who Established the Ram Krishna Missiion.

अथवा

Or

यह निष्कर्ष किसने दिया कि अपराधी जन्मजात होते है?

Who gave this conelusion that the criminals.

प्रश्न 11. सजातीय का क्या अर्थ है?

What is the meaning of Ethnicity.

अथवा
Or

आधुनिक भारत में एकता के मुख्य तत्व क्या थे?

What were the main elements of unity in Modern India?

प्रश्न 12. भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई चार कारण लिखिए।

Write any four causes of population growth in India.

अथवा
Or

जनांकिकी का अर्थ समझाइये।

Explain the meaning of demography.

प्रश्न 13. भारत में नगरीय समुदाय की मुख्य विशेषताएं क्या है?

What are the main characteristics of urban community in India?

अथवा
Or

जाति तथा वर्ग में अंतर लिखिए।

Write the difference between caste and class.

प्रश्न 14. संयुक्त परिवार की मुख्य विशेषताएं क्या है?

What are main characteristics of Joint Family.

अथवा

Or

हिन्दू विवाह के मुख्य उद्देश्य क्या है?

What are the main objectives of Hindu Marriage.

प्रश्न 15. अष्टांगिक मार्ग क्या है?

What is Ashtangik Marg?

अथवा

Or

पंच ऋण से आप क्या समझते है?

What do you mean by Panch Rin?

प्रश्न 16. संस्कृतिकरण की अवधारणा एवं विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

Discuss the concept and characteristics of Sanskritization.

अथवा

Or

पश्चिमीकरण की मुख्य विशेषताएं क्या है?

What are the main features of Westernization?

प्रश्न 17. जनसंचार के साधनों से आप क्या समझते है? जनसंचार के प्रमुख साधनों पर प्रकाश डालिये।

What do you mean by the means of Mass media? Throw light on the main means of mass media.

अथवा

Or

भारत मं शिक्षा समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

Describe the problems of Education in India.

प्रश्न 18. जनजातियों की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Explain the main features of tribes.

अथवा

Or

जाति व्यवस्था की विशेषताएं लिखिए।

Write the characteristics of caste system.

प्रश्न 19. बुनियादी शिक्षा से आप क्या समझते है?

What do you understand by Basic Education?

अथवा

Or

शिक्षा के मुख्य उद्देश्य क्या है?

What are the main aims of Education?

प्रश्न 20. भारत में अल्प संख्यकों की कोई पांच समस्याएं लिखिए।

Write any five problems of minorities in India.

अथवा

Or

पिछड़े वर्ग से आपका क्या अभिप्राय है?

What do you mean by Backward Class?

प्रश्न 21. भारतीय नागरिक के मौलिक अधिकार लिखिए।

Write the fundamental rights of Indian Citizen.

अथवा

Or

सामाजिक परिवर्तन में पंचायत राज की क्या भूमिका है?

What is role of Panchayat Raj in social change?

प्रश्न 22. भक्ति आंदोलन के उद्देश्य क्या है?

What are the aims of Bhakti Movement?

अथवा

Or

समाज में हिंसा के कोई पांच कारण लिखिए।

Write down any five causes of violence in Society.

प्रश्न 23. भारत में राज्यों के सामने आज मुख्य चुनौतियां क्या है?

What are the main challenges before the states in India to day.

अथवा

Or

राज्य के प्रमुख आधार क्या है?

What are main bases of state.

प्रश्न 24. उदारीकरण की चुनौतियां लिखिए एवं वैश्वीकरण का क्या अर्थ है?

Write the challenges of Liberalization and what is the meaning of Globalization

अथवा

Or

नव मध्यम वर्ग की विशेषताएं लिखिए एवं अभिजन समूह को संक्षेप में समझाइये।

Write the characteristics of New Middle Class. What do you mean by Elite groups.

— — — — — —

<u>आदर्श उत्तर</u>

**विषय – समाज शास्त्र (Sociology)**
**कक्षा – बारहवीं**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. रिक्त स्थान –

1. जगन्नाथपुरी
2. गंगा यमुना
3. 1976
4. दस
5. भक्ति आंदोलन।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 2. सही विकल्प –

1. नागालैण्ड
2. 1993
3. डॉ. जाकिर हुसैन
4. जी.एस. घुरये
5. सांरोकिन

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 3. सत्य/असत्य –

(i) असत्य
(ii) सत्य
(iii) सत्य
(iv) असत्य
(v) सत्य

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 4. एक वाक्य में उत्तर –

1. पूंजीपति कृषक वर्ग।
2. नरसिम्हा राव।
3. लार्ड कार्नवालिस।
4. दुर्बल वर्ग।
5. सांस्कृतिक परिवर्तन।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 5. सही जोडियां –

| | **अ** | **–** | **ब** |
|---|---|---|---|
| (अ) | इरावती कर्वे | – | भारत में नातेदारी व्यवस्था |
| (ब) | मुस्लिम विवाह | – | सामाजिक समझौता |
| (स) | अनुलोम | – | पत्नी की तुलना में पति की उच्च सामाजिक परिस्थिति |
| (द) | संयुक्त परिवार | – | सामाजिक श्रम विभाजन |
| (इ) | जनजातीय विवाह | – | अधिमान्य विवाह |

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6.

1. विस्तृत पर्वतीय प्रदेश।
2. गंगा यमुना व गोदावरी के मैदान।
3. रेगिस्तानी क्षेत्र तथा
4. दक्षिणी प्रायद्वीप का पठार।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानन्द ने की।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7. मजूमदार तथा मदन – जाति एक बंद वर्ग है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

डी.एन. मजूमदार– जनजाति परिवारों का एक ऐसा समूह है जिसका एक सामान्य नाम होता है जिसके सदस्य एक निश्चित क्षेत्र में निवास करते है एक सामान्य भाषा बोलते है तथा विवाह और व्यवस्था के बारे में कुछ खास नियमों का पालन करते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. उपागम अध्ययन का वह तरीका है जिसके आधार पर किसी विशेष सामाजिक तथ्य की विवेचना की जाती है। प्रत्येक उपागम कुछ विशेष मान्यताओं पर आधारित होता है। विभिन्न उपागमों की प्रकृति एक दूसरे से इसलिए भिन्न होती है कि उनसे संबंधित अवधारणाएं और अध्ययन की प्रविधियां अलग–अलग होती है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

1. भारतीय विद्याशास्त्रीय उपागम।
2. सांस्कृतिक उपागम।
3. संरचनात्मक उपागम।
4. ऐतिहासिक उपागम।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. शिक्षा विकास की एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य बचपन से लेकर प्रौढ़ावस्था तक अनेक तरीकों से अपने भौतिक, सामाजिक और नैतिक पर्यावरण से अनुकूलन करना सीखता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जन संचार वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक या कुछ विचारों को अनेक साधनों के द्वारा किसी बड़े समुदाय तक पहुंचाया जाता है। इसके अन्तर्गत हम मुद्रित संचार, विद्युत संचार, तथा दृश्य–श्रव्य संचार को सम्मिलित करते है। समाचार पत्र विभिन्न पत्रिकाएं, टेलीफोन, फैक्स, कम्प्यूटर, टेलीविजन, रेडियों और चलचित्र आदि जनसंचार के प्रमुख साधन है। वर्तमान युग में जन संचार सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का एक प्रमुख आधार है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. भारत में रामकृष्ण मिशन की स्थापना विवेकानंद ने की।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

लम्ब्रोसो ने यह निष्कर्ष दिया की अपराधी जन्मजात होते है?

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. संजातीयता का अर्थ – संजातीयता एक ऐसी भावना है जो संस्कृति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, वेशभूषा अथवा जीवन शैली के आधार पर किसी विशेष समुदाय को अपनी एक अलग पहचान बनाये रखने का प्रोत्साहन देती है। संजातीयता का

संबंध उन पूर्वाग्रहों से है जिनके आधार पर एक से एक संजातीयता समूह अपने से भिन्न संजातीय समूह से पृथकता महसूस करने लगता है और कभी कभी दूसरे की तुलना में अपने को अधिक श्रेष्ठ या उच्च दिखाने की कोशिश करता है। समाज शास्त्र में इस दशा को संजातीयता की प्रवृत्ति कहा जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

आधुनिक भारत में एकता के मुख्य तत्व –

1. भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और धर्म निरपेक्षता को अधिक महत्व दिया।
2. सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों के विकास को समान महत्व दिया गया।
3. पंचायतों से लेकर संसद तक में सभी धर्मों और जातियों के लोगों का प्रतिनिधित्व है।
4. पूरे देश में सभी के लिये समान कानूनों के द्वारा न्याय दिया जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण –

1. अशिक्षा।
2. निम्न जीवन स्तर।
3. बाल विवाह की प्रथा।
4. संयुक्त परिवार व्यवस्था।
5. भाग्य में विश्वास।
6. जन्म और मृत्युदर का असंतुलन।
7. बहुपत्नि विवाह का प्रचलन।
8. ग्रामीण अर्थव्यवस्था।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जनांकिकी शब्द का प्रयोग सबसे पहले सन 1855 में गुइलार्ड ने किया। शब्दिक रूप से जनांकिकी वह विज्ञान है जो जनसंख्या संबंधी विशेषताओं को विवरण के रूप में स्पष्ट करता है।

**ग्रेबनिक के शब्दों में –** जनांकिकी उन तथ्यों की अध्ययन है जो मानव जनसंख्या के विभिन्न पक्षों जैसे जन्मदर, मृत्युदर, प्रवासीय विशेषताओं और उन्हें प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करता है।

**गुइलार्ड –** जनांकिकी एक गणितीय ज्ञान है जो जनसंख्या की भौतिक, सामाजिक, बौद्धिक और नैतिक दशाओं के अध्ययन से संबंधित है। व्यापक अर्थों में यह मानव समाज का प्राकृतिक और सामाजिक इतिहास है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 13. भारत में नगरीय समुदाय की मुख्य विशेषताएं –

1. जनसंख्या की अधिकता।
2. सामाजिक विभिन्नता।
3. विकसित प्रौद्योगिकी।
4. श्रम विभाजन और विशेषीकरण।
5. व्यावसायिक भिन्नता।

**उपरोक्तानुसार में से किन्हीं 4 का विस्तार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जाति तथा वर्ग में अंतर –

1. जाति की सदस्यता जन्म पर आधारित होती है। वर्ग की सदस्यता व्यक्ति की योग्यता और सम्पत्ति से संबंधित होती है।

2. परंपरागत रूप से प्रत्येक जाति का एक निश्चित व्यवसाय होता है। वर्ग व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति कोई भी व्यवसाय कर सकता है।
3. जाति की सदस्यता में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। वर्गों की प्रकृति खुली हुई होती है।
4. जाति के नियमों का संबंध परंपरा से होता है। वर्ग से संबंधित नियम बदलते रहते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14. संयुक्त परिवार की मुख्य विशेषताएं –

1. बड़ा आकार – एक संयुक्त परिवार में तीन चार पीढ़ियों तक के रक्त संबंधियों और विवाह के द्वारा इसमें सम्मिलित होने वाले सदस्यों का समावेश होता है।
2. सामान्य निवास – संयुक्त परिवार के सभी सदस्य त्यौहारों, उत्सवों और पूरा के अवसर पर एकत्रित होकर कर्तव्यों को पूरा करते है।
3. सामान्य रसोई – जिस परिवार में सभी सदस्य एक ही रसोई में बना भोजन करते है।
4. संयुक्त संपत्ति – कानूनी और सामाजिक तौर पर एक संयुक्त परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति का कोई बंटवारा नहीं होता।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

हिन्दु विवाह के प्रमुख उद्देश्य –

1. धार्मिक कर्तव्यों की पूर्ति।
2. पुत्र जन्म।
3. रति।

4. गृहस्थ धर्म का पालन।

5. व्यक्ति के जीवन को संगठित रखना।

**उपरोक्त किन्ही 4 बिन्दुओं का विस्तार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. अष्टांगिक मार्ग –

5. आर्य शक्तियों का समुचित ज्ञान।
6. दृढ़ निश्चय।
7. सच बोलना।
8. हिंसा और दुराचार से बचना।
9. ईमानदारी से आजीविका चलाना।
10. अच्छे कामों के लिये लगातार प्रयत्न करना।
11. लालच और संताप से बचना।
12. राग और द्वेष से अपने आपको अलग रखना।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पंच ऋण –

पंच ऋण हिंदु धर्म का एक सिद्धांत है। हिन्दु धर्म व्यक्तिवाद को महत्व न देकर सामूहिकता को महत्व देता है। प्रत्येक पर पवांच तरह के ऋण होते है –

6. देव ऋण।
7. ऋषि ऋण।
8. पितृ ऋण।
9. अतिथि ऋण।
10. जीव ऋण।

**उपरोक्त किन्ही 4 बिन्दुओं का विस्तार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. सांस्कृतिकरण की अवधारणा –

सांस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत निम्न जातियां उच्च जातियों की सांस्कृतिक विशेषताओं को ग्रहण करके जाति संरचना में अपनी प्रस्थिति को उंचा उठाने का प्रयत्न करती है।

सांस्कृतिकरण की विशेषताएं –

**1.** सांस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जो निम्न जातियों की परंपरागत, सामाजिक प्रास्थिति में होने वाले परिवर्तन और सुधार को स्पष्ट करती है।

**2.** सांस्कृतिकरण कुछ बाहरी दशाओं का परिणाम नहीं है जब समाज की संरचना में आंतरिक परिवर्तन होता है तभी यह प्रक्रिया होती है।

**3.** सांस्कृतिकरण का आदर्श प्रभु जाति अथवा प्रभावशाली जाति ही होती है।

**4.** सांस्कृतिकरण का संबंध एक बड़े समूह द्वारा उच्च जाति की सांस्कृतिक विशेषताओं को ग्रहण करने से है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पश्चिमीकरण की विशेषताएं –

1. एक तटस्थ अवधारणा – यह प्रक्रिया नैतिक रूप से इसलिये तटस्थ है कि इसके अनुसार किसी परिवर्तन को पहले की तुलना में अच्छा या बुरा नहीं कहा जा सकता।
2. एक व्यापक अवधारणा – पश्चिमीकरण की प्रक्रिया का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसमें अनेक प्रकार के परिवर्तनों का समावेश है।
3. एक निश्चित आदर्श का अभाव – भारत में पश्चिमीकरण की प्रक्रिया किसी एक देश को आदर्श मानकर नहीं चलती।
4. नए मूल्यों का समावेश – भारतीय संस्कृति के परंपरागत मूल्यों की जगह पश्चिमी संस्कृति के इन मूल्यों को ग्रहण करने की प्रक्रिया का नाम ही पश्चिमीकरण है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. जनसंचार के साधन –

जनसंचार के विभिन्न साधनों का काम देश के अलग–अलग हिस्सों में घटित होने वाली घटनाओं, राजनैतिक गतिविधियों, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, तरह–तरह की सामाजिक, आर्थिक समस्याओं, विकास कार्यक्रमों और विभिन्न वर्गों की भूमिकाओं की जानकारी देने के साथ जनसाधारण को मनोरंजन की सुविधाएं देना है।

जनसंचार के मुख्य साधन –

1. टेलीवीजन।
2. रेडियों।
3. समाचार पत्र पत्रिकाएं।
4. चलचित्र।
5. दूरसंचार तथा
6. व्यंग्य चित्र।

**उपरोक्त में से किन्हीं चार को विस्तार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

भारत में शिक्षा की समस्याएं –

1. शिक्षा पर गैर सरकारी प्रबंधकों का प्रभाव बढ़ने से सामाजिक असमानताएं बढ़ रही है।
2. प्राथमिक शिक्षा के लिये दिये जाने वाले धन का समुचित उपयोग नहीं होता।
3. शिक्षा में व्यावहारिक नियोजन की बहुत कमी है। इसी कारण साक्षरता का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाता।

4. शिक्षा से संबंधित नीतियों और शिक्षकों की नियुक्तियों में नेताओं का बढ़ता हुआ हस्तक्षेप एक मुख्य समस्या है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. जनजातियों की प्रमुख विशेषताएं –

1. सामान्य नाम – प्रत्येक जनजाति का अपना एक नाम होता है जैसे गौंड, मुंडा, भील आदि।
2. एक क्षेत्रीय समुदाय – प्रत्येक जनजाति एक निश्चित भू–भाग में निवास करती है। जैसे जंगली, पहाड़ी खेत्र।
3. पृथक भाषा – प्रत्येक जनजाति की एक अलग भाषा होती है।
4. आत्मनिर्भरता – जनजाति एक आत्मनिर्भर समुदाय है।
5. राजनीतिक संगठन – भारत में लगभग सभी जनजातियों के अपने–अपने सामाजिक कानून है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जाति व्यवस्था की विशेषताएं –

1. समाज का खंडनात्मक विभाजन।
2. संस्तरण।
3. खान पान में प्रतिबंध।
4. सामाजिक और धार्मिक निर्योग्यताएं।
5. व्यावसायिक विभाजन।
6. अन्तर्विवाह।
7. आदर प्रतिमान।
8. जातियों की अन्तनिर्भरता।

**उपरोक्त में किन्ही पांच बिन्दु पर विस्तार से लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. बुनियादी शिक्षा –

महात्मा गांधी जी ने आर्थिक रूप से कमजोर देश के लिये एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया जिसकी सहायता से लोग परंपरागत दस्तकारी और व्यवसाय के द्वारा सरलता से व्यवसाय के अवसर प्राप्त कर सकें। उनका विचार था कि कताई–बुनाई, बढ़ईगिरी, पशुपालन, लोहागिरी, बर्तन बनाने की कला जैसे व्यवसायों की शिक्षा से ही नवयुवकों को व्यावहारिक ज्ञान मिल सकता है। इस शिक्षा को बुनियादी शिक्षा का नाम दिया गया है।

बुनियादी शिक्षा का यह प्रावधान रखा गया कि बच्चे को सात वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु तक अनिवार्य रूप से यह शिक्षा दी जाये। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा के रूप मं हिन्दी होना चाहिए। तथा इसके उद्देश्य प्रत्येक युवक को आत्म निर्भर बनाना हो तथा शिक्षा इस प्रकार की हो कि व्यक्ति स्वयं ही जीविका उपार्जित करना खुद ही सीख जाये। बच्चे की प्रतिभा को विकसित करना भी इस शिक्षा का उद्देश्य था।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

शिक्षा के मुख्य उद्देश्य –

1. व्यक्ति का समाजीकरण करना।
2. अपने जीवन पर स्वयं नियंत्रण रखना।
3. व्यक्ति आजीविका उपार्जित करने के योग्य बन सके।
4. व्यक्ति में ऐसी क्षमताएं विकसित करना जिससे अपने लिये एक अलग स्थान बना सके।
5. शिक्षा का एक मुख्य उद्देश्य नैतिक विकास करना है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. भारत में अल्पसंख्यकों की समस्याएं –

1. मनोवैज्ञानिक रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के लोग यह समझते है कि संख्या में कम होने के कारण उन्हें अधिक राजनैतिक अधिकार नहीं मिल सकेंगे।
2. मुस्लिम समुदाय आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन होने के कारण इनके परिवारों का आकार बढ़ा होना है।
3. भारत में पूर्वोत्तर राज्यों में जहां ईसाई अल्पसंख्यकों की जनसंख्या काफी अधिक है उनमें भी असुरक्षा की भावना के कारण आंदोलनकारी प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।
4. सिक्ख अल्पसंख्यकों को उद्योगों, राजनीति, सरकारी सेवाओं और शिक्षा में अच्छा प्रतिनिधित्व है। इनकी अपनी कोई अलग समस्या नहीं है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पिछड़ा वर्ग से अभिप्राय –

भारतीय समाज में जो समुदाय आर्थिक रूप से दुर्बल है उन्हें हम पिछड़ा वर्ग कहते है। वास्तविकता यह है कि अन्य पिछड़े वर्ग का तात्पर्य उन जातियों से है जो जाति व्यवस्था में निम्न स्थान पर होते हुए भी अनुसूचित जातियों में शामिल नही है। लेकन जाति व्यवस्था के नियमों के कारण सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई है। इन जातियों की आर्थिक और शैक्षणिक दशा मे अधिक सुधार नहीं हो सका। इस आधार पर पिछड़े वर्गों को एक अवशिष्ट श्रेणी अथवा बची हुई श्रेणी कहा जाता है।

संविधान में पिछड़े वर्ग का कोई निश्चित अर्थ स्पष्ट न होने के कारण यह आवश्यक हो गया कि सरकार संविधान के अनुच्छेद 340 (1) के आधार पर किसी आयोग को नियुक्त करके पिछड़े वर्ग की कसौटियों का निर्धारण करके उन्हें विशेष सुविधाएं देने का प्रयत्न करें।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21. भारतीय नागरिक के मौलिक अधिकार –

1. समानता का अधिकार – कानून के सामने सभी लोग समान है। उनके बीच धर्म, वंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जायेगा।
2. स्वतंत्रता का अधिकार – अपने विचारों को व्यक्त करना, देश में आने जाने का अधिकार, रहने का अधिकार, व्यवसाय करने का अधिकार, अन्य अधिकारों से देश की सुरक्षा, प्रशासनिक व्यवस्था में ठेस न पहुंचती हो और अपना जीवन स्वतंत्र बिता सके।
3. शोषण से रक्षा का अधिकार – व्यक्ति से बेगार नहीं लेना, बाल श्रमिकों का शोषण नहीं करना, किसी भी श्रेणी के व्यक्ति को बेंचा या खरीदा नहीं जा सकता।
4. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार – प्रत्येक व्यक्ति बिना दबाव के किसी भी धर्म के अनुसार व्यवहार, प्रचार कर सकता है।
5. संस्कृति और शिक्षा का अधिकार।
6. संवैधानिक उपचार का अधिकार।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

पंचायती राज की भूमिका –

सामाजिक परिवर्तन में –

1. गांव स्तर की उपयोगी योजनाएं।
2. ग्रामीण नेतृत्व का विकास।
3. दुर्बल वर्गों का विकास।
4. ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार।
5. स्वास्थ्य के लिये विशेष प्रयत्न।

गांव के विकास और सामाजिक परिवर्तन में पंचायती राज की और अधिक से अधिक भूमिका निभा रहा है। लेकिन गांव की समस्याएं जैसे ग्रामीण गुटबंदी, चुनाव, संघर्ष, भ्रष्टाचार की प्रवृत्ति आदि के कारण परिवर्तन समाज में बाधा बना हुआ है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. भक्ति आंदोलन के उद्देश्य –

1. दुर्बल लोगो की सहायता करना ही ईश्वर को प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है।
2. भक्ति आंदोलन का उद्देश्य समाज के मूल ढांचे को बदले बिना समाज में फैली हुई कुरीतियों, अंधविश्वासों, सामाजिक असमानताओं और कर्मकाण्डों का विरोध करना तथा सामाजिक जीवन को अधिक स्वस्थ्य बनाना रहा है।
3. ईश्वर के लिये सभी मनुष्य समान है।
4. भाई–चारे की भावना को विकसित करना।
5. छुआछूत, सति प्रथा और बाल विवाह का व्यापक विरोध करना।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

हिंसा के कारण –

1. कुंठा – असफलता के कारण व्यक्ति में कुंठा और हीनता पैदा होने लगती है। ऐसे लोग दंड की चिंता नहीं करते है।
2. असंतोष का राजनीतिकरण – अंसतोष का कारण जैसे भेदभाव, भ्रष्टचार आदि से राजनीतिक दलों द्वारा अपने हितों को पूरा करने के लिये किया जाने लगता है। इससे हड़ताल, बंद, तोड़फोड़ जैसी घटनाएं होती रहती है।
3. समाज का असंतुलित विकास – विभिन्न समाजों में असंतुलित विकास के फलस्वरूप भी तनाव, संघर्ष और हिंसा में वृद्धि होती है।

**4.** आतंकवाद – वर्तमान युग में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों में होने वाली वृद्धि हिंसा का एक प्रमुख कारण है।

**5.** संक्रमणकालीन दशाएं – जब समाज परिवर्तन के दौर से गुजरता है तो उसमें समय की मांग के अनुसार विभिन्न संस्थाओं और व्यवहार के तरीकों में कठिनता से ही कोई परिवर्तन हो पाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. भारत में राज्य के सामने चुनौतियां –

1. सामाजिक आंदोलन।
2. दबाव समूह हित समूह और संघवाद।
3. साम्प्रदायिकता।
4. क्षेत्रवाद।
5. जातिवाद।
6. भ्रष्टाचार।
7. विदेशी कूटनीति।

**उपरोक्त में से किन्हीं छः बिन्दुओं को विस्तार से लिखने पर कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

राज्य के प्रमुख आधार –

1. प्रभुसत्ता।
2. संसदीय लोकतंत्र।
3. संघीय संरचना।
4. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण।
5. धर्मनिरपेक्षता।

6. न्याय स्वतंत्रता और समानता।

7. बहुदलीय प्रणाली।

**उपरोक्त में से किन्हीं छः बिन्दुओं को विस्तार से लिखने पर कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. उदारीकरण की चुनौतियां –

**1.** गरीबी को दूर करना।

**2.** रोजगार की समस्या को दूर करना।

**3.** ग्रामीण उद्योगों के विघटन के रूप में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

**4.** उपभोक्तावाद में वृद्धि से ऋणग्रस्तता की समस्या पैदा हो गई है।

**5.** उदारीकरण से यह आशंका होने लगी है कि शिक्षा का क्षेत्र निजीकरण होने से निम्न वर्ग समाज वंचित हो सकता है।

**वैश्वीकरण का अर्थ –**

वैश्वीकरण के अर्थ विश्व की अर्थव्यवस्था में एकीकरण की प्रक्रिया से है। इसका अर्थ है कि जब विभिन्न देशों के बीच व्यापारिक प्रतिबंध कम या समाप्त होने लगते है तथा सभी देश एक दूसरे की प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर अपना आर्थिक विकास करने लगते है तब इस दशा को वैश्वीकरण कहते है।

सामाजिक और सांस्कृतिक आधार पर वैश्वीकरण उत्तर आधुनिकता की उन्नत दशा का नाम है। विश्व के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण जब विभिन्न देशों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों के रूप में स्पष्ट होने लगता है। तब इसी दशा को हम वैश्वीकरण कहते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

नव मध्यम वर्ग की विशेषताए –

1. नव मध्यम वर्ग सांस्कृतिक असंतुलन की दशा है।
2. डी.पी. मुखर्जी द्वारा नव मध्यम पश्चिमी ढंग से व्यवहारों से अधिक प्रभावित है।
3. नव मध्यम वर्ग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वतंत्र तरह के आचरण करना है।
4. यह वर्ग एक तरह के आत्म केन्द्रित वर्ग है।
5. इस वर्ग में उपभोक्तावादी संस्कृति का तेजी से बढ़ना है।
6. प्रदर्शनवाद इस वर्ग की एक अन्य विशेषता है।

अभिजन समूह –

अभिजन का अर्थ उन लोगों के समूह से होता है जा महत्वपूर्ण राजनैतिक पदों पर आसीन होते है। अथवा जिन्हें बड़े–बड़ें अधिकारियों के रूप में सरकार की ओर से प्रशासन के कुछ विशेष अधिकार सौंपे जाते है।

परेटों ने सभीअभिजनों को शासकीय अभिजन और गैर शासकीय अभिजन जैसी दो श्रेणियों में विभाजित किया। वर्तमान समय में उन सभी समूहों को अभिजन समूह माना जाता है जो राजनैतिक, प्रशासन, उद्योग, प्रौद्योगिकी, प्रबंध, शिक्षा, चिकित्सा इसी तरह के अनेक क्षेत्रों में अपनी योग्यता और कुशलता के कारण समाज का नेतत्व करने लगते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

– – – – –